**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3188**

**दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**पंजाब में कैंसर के रोगियों की बढ़ती संख्या**

**3188. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पंजाब में कैंसर रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने इसके कारणों का पता लगा लिया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार का उक्त राज्य में कैंसर संस्थान खोलने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान कैंसर के कितने रोगियों का पता लगा है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ङ) : भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (आईसीएमआर-एनसीआरपी) के अनुसार, विगत तीन वर्षों (2021-2023) के दौरान पंजाब राज्य में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या निम्नानुसार है;

| **हरियाणा राज्य में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या (2021-2023) – स्त्री-पुरूष दोनों *** | | | |
|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2021** | **2022** | **2023** |
| कैंसर के सभी स्थानों के अनुमानित मामले | 39521 | 40435 | 41337 |

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने सूचित किया है कि कैंसर का पता लगाने के लिए उन्नत नैदानिक तकनीकों की सुलभता और उपलब्धता के अलावा, जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, वृद्धजनों की बढ़ती हुई संख्या, उच्च स्वास्थ्य चेतना और बेहतर स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार के कारण भारत में कैंसर के अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

केन्द्र सरकार ने विशिष्ट परिचर्या कैंसर सुविधा केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण योजना कार्यान्वित की है। यह योजना देश के विभिन्न भागों में क्रमशः राज्य कैंसर संस्थानों (एससीआई) और विशिष्ट कैंसर परिचर्या केंद्रों (टीसीसीसी) की स्थापना के लिए राज्य के हिस्से सहित 120 करोड़ रुपये और 45 करोड़ रुपये तक की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान करती है। अब तक, 19 एससीआई और 20 टीसीसीसी अनुमोदित किए गए हैं जिनमें सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर में एससीआई और सिविल अस्पताल, फाजिल्का में टीसीसीसी शामिल हैं।

*****